C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:29 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 39 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. गुरुवार, 25 जुलाई 2024

अगस्त में होगा प्रभास की नई...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### आरएसएस कार्यकर्ता पर धमकाने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति आरएसएस कार्यकर्ता बताने वाले एक व्यक्ति पर अवैध वसूली करने और धमकाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वह संघ में शामिल होने के लिए टैक्सी चालकों पर दबाव बनाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष भरत भूषण पुत्र लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि हल्दूचौड़ निवासी हिमांशु जोशी पुत्र नवीन चंद्र जोश खुद को आरएसएस संघ का संस्थापक बताकर टैक्सी वाहनों को जहां तहां रोक उन्हें संघ में शामिल होने का दबाव बनाता है। ओराप है कि हिमांशु ने कई टैक्क्सी चालकों से पैसे भी वसूले है। टैक्सी चालकों ने जब इसकी जानकारी यूनियन के अध्यक्ष को दी तो यूनियन के अध्यक्ष ने जानकारी तो उसे भी धमकाया गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### फांसी के फंदे पर झूली छात्रा, मचा कोहराम


**हल्द्वानी।** मां की डांट से क्षुब्ध 11वीं की छात्रा फांसी के फंदे पर झूल गई। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बनभूलपुरा लाइन नंबर 18 निवासी शादिका पुत्री अब्दुल गफूर 11वीं की छात्रा है। गत दिवस वह स्कूल से घर पहुंची और घर पहुंचने पर मां से खाना मांगा था। जिस पर उसकर मां ने उसे डपट दिया। बताया जा रहा है डांट से क्षुब्ध शादिका बुद्ध बाजार गई और रस्सी ले आई जिसके बाद वह अपने कमरे में पंखे के कुंडे से लटक गई। जब शाम को 4 बजे उसकी मां सोकर उठी तो उसे पंखे के कुंडे से लटका देखकर उसकी चीख निकल गई। आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उजड़ने से पहले घर मिलने की आस

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण के मामले में सुप्रीम कोर्ट के लोगों के पुनर्वास की योजना बनाने संबंधी आदेश की सूचना मिलते ही वहां रह रहे लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण के मामले में सुप्रीम कोर्ट के लोगों के पुनर्वास की योजना बनाने संबंधी आदेश की सूचना मिलते ही वहां रह रहे लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। इस आदेश के बाद लोगों को उम्मीद है कि पक्के मकानों से हटाने से पहले सरकार



उनका पुनर्वास करेगी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर करने वालों से लेकर आम लोगों ने भी सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को जनहितकारी बताया है। लोगों का कहना है कि रेलवे और प्रशासन ने तो उनकी सुनी नहीं। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें न्याय की उम्मीद थी। बुधवार को कोर्ट ने उन्हें बड़ी राहत दी है। हम विकास विरोधी नहीं हैं लेकिन हम चाहते थे कि रेलवे पहले अपनी जमीन बताए। अपनी जमीन चिह्नित करें ताकि जो जमीन रेलवे की नहीं है उस पर काबिज लोगों की परेशानी कम हो। रेलवे अपने विस्तार का प्लान और जद में आ रहे लोगों के पुनर्वास की योजना बताए। सुप्रीम कोर्ट उस दिशा में जा रही है। रेलवे प्रशासन को हल्द्वानी में जमीन की खासी जरूरत है क्योंकि जमीन के अभाव में रेलवे की योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। रेलवे न केवल हल्द्वानी से वंदे भारत ट्रेन चलाना चाहता है बल्कि उसका प्रयास है कि लालकुआं से चलने वाली अधिकतर पैसेंजर ट्रेनें हल्द्वानी से संचालित हों। रेलवे की नजर भविष्य में गौलापार के ग्रेटर गौलापार के रूप में विकसित होने पर भी है। अधिकारियों को उम्मीद है कि गौलापार में आधारभूत सुविधाएं जुटने के बाद उसे हल्द्वानी स्टेशन से कहीं अधिक यात्री मिलेंगे। इससे रेलवे का राजस्व बढ़ेगा। यही नहीं रेल विभाग हल्द्वानी स्टेशन का विस्तार उत्तराखंड के सुंदर और सुविधाजनक स्टेशन के रूप में भी करना चाहता है। ...संबंधित पेज 3 पर

ईई व निवर्तमान पार्षद के बीच हुए विवाद का मामला

# अधिशासी अभियंता से अभद्रता पर भड़के बिजली कर्मचारी सड़क पर उतरे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता व निवर्तमान पार्षद के बीच हुआ विवाद तूल पकड़ गया है। इस मामले में एक पक्ष के सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने के बाद अब दूसरा पक्ष भी सड़क पर उतर आया है। विद्युत अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा हल्द्वानी से जुड़े कर्मचारियों ने निवर्तमान पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि बीती 20 जुलाई को गांधीनगर वार्ड के निवर्तमान पार्षद रोहित कुमार तिकोनिया स्थित बिजली विभाग गये थे। इस दौरान पार्षद व अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट के बीच गरमागरमी हो गई थी। इस पर अधिशासी अभियंता ने पुलिस को पत्र के माध्यम से पार्षद रोहित पर अभद्रता करने और धमकी देकर विभागीय



कार्य में बाधा पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में अब तक कार्रवाई न होने से भड़के बिजली विभाग के तमाम संगठनों से जुड़े कर्मचारी गुरुवार को सड़क पर उतर आये। उन्होंने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपीसिटी को भी ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि निवर्तमान पार्षद मामले को गलत दिशा में ले जाकर अपने कृत्य को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं मनगढ़ंत आरोप विभागीय अधिकारी पर लगाये जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई न की गई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मामले में बीते बुधवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने पार्षद रोहित के पक्ष में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर बिजली विभाग के अधिकारियों पर अभद्रता का आरोप लगाया था।

# सीएम केजरीवाल को राहत नहीं, न्यायिक हिरासत आठ अगस्त तक

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बढ़ा दिया है। अब इस मामले पर आठ अगस्त को सुनवाई होगी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अब आठ अगस्त को सुनवाई होगी। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था।

सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के.कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच



सीबीआई द्वारा की जा रही है। केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें आबकारी नीति मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। वहीं सीबीआई ने कहा कि पूरे साक्ष्य आने पर ही कानून के तहत गिरफ्तारी की। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर भी आदेश सुरक्षित रखा है।

# वृद्धा पहुंची मारपीट के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को चौकी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी एक वृद्धा मारपीट के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर चौकी पहुंची। वृद्धा ने पुलिस को नामजद तहरीर भी है। लेकिन वृद्धा की तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वृद्धा का आरोप है कि वह सुबह से चौकी के चक्कर काट रही है,उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। गुरुवार को रम्पुरा निवासी वृद्धा रामकली चौकी रम्पुरा पहुंची। वृद्धा ने पुलिस को तहरीर सौंपी। वृद्धा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पड़ोस में एक युवक रहता है। वृद्धा का कहना था कि उस युवक ने उसके साथ मारपीट की है, इससे उसके गुम चोटें आई। वह युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए चौकी



आई। वृद्धा का कहना था कि वह सुबह से चौकी के चक्कर काट रही है, उसकी सुनवाई नहीं हो रही। वृद्धा के मुताबिक वह गरीब है, उसकी कोई राजनीतिक पहुंच नहीं है और उसकी पुलिस तक पहुंच नहीं है,इस लिए उसकी सुनवाई नहीं हो रही। समाचार लिखे जाने वृद्धा की तहरीर पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी, वृद्धा चौकी के बाहर खड़ी थी। इधर इस मामले में चौकी इंचार्ज से जानकारी चाही तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मामला कोतवाल के संज्ञान में नहीं है।

# सुपरटेक मॉल के लिखित आश्वासन के बाद व्यापारियों का धरना समाप्त

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

सुपरटेक मॉल में दुकानें आवंटित न किए जाने को लेकर पिछले दिन रुद्रपुर व्यापार मंडल ने माल के सामने धरना शुरू कर दिया था। जिसका नेतृत्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा कर रहे थे। गुरुवार को सुपर टेक के आश्वासन देने के बाद व्यापारियों का धरना समाप्त हो गया। 31 जुलाई तक दुकानें आवंटन करने का लिखित आश्वासन दिया। मौके पर पंतनगर थाना इंचार्ज मनोज रतूड़ी और चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार पहुंचे। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया की सुपरटेक मॉल में रुद्रपुर के लगभग एक दर्जन व्यापारियों ने कई वर्ष पूर्व लाखों रुपए देकर दुकान ली थी ,लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी सुपरटेक मॉल के अधिकारियों ने उन्हें दुकानें आवंटित नहीं की। जिससे रुद्रपुर के व्यापारी परेशान हो गए थे।



उन्होंने कई बार अपनी आवाज उठाई लेकिन सुपरटेक मॉल के अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। जिसके चलते गत दिवस से व्यापारियों ने वहां धरना शुरू कर दिया था।उन्होंने बताया कि गत रात्रि कई व्यापारियों ने वही रात बिताई और वही भोजन भी किया। गुरुवार को उन्होंने जब सुपर मॉल के अंदर की दुकान बंद कर दी तो सुपरटेक मॉल के अधिकारियों की नींद खुली और उन्होंने अब व्यापारियों को लिखित आश्वासन दिया है कि 31 जुलाई तक 4 से 5 मामलों का निपटारा कर दिया जाएगा और 15 अगस्त तक अन्य सभी मामलों को भी निपटा दिया जाएगा। सुपरटेक मॉल के अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद व्यापारियों पर धरना समाप्त कर दिया। उन्होंने बताया कि यह रुद्रपुर के व्यापारियों की जीत है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर का व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हित में खड़ा रहा है और आगे भी व्यापारियों के हित के लिए संघर्ष करता रहेगा । इस दौरान तमाम व्यापारी मौजूद थे।

**आश्वासन**

- यापार मंडल अध्यक्ष जुनेजा ने कहा यह व्यापारियों की जीत
- सुपरटेक के प्रतिनिधि ने 31 जुलाई तक दुकानें आवंटित करने का दिया लिखित आश्वासन

# उत्तराखंड बेरोजगार संघ की बैठक आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



बुधवार को कैंची धाम में उत्तराखंड बेरोजगार संघ द्वारा एक बैठक आयोजित की गयी जिसमे मुख्य वक्ता रहे बेरोजगार संघ के कुमाऊँ मण्डल संयोजक भूपेंद्र कोरंगा व कार्तिक उपाध्याय ने विधानसभा के अतंर्गत लोगों के बेरोजगार संघ से जुड़ने व अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा की व उन्होंने बेरोजगार संघ की भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डाला विधानसभा के साथ ही भवाली व नैनीताल नगर ईकाई के सभी पदाधिकारी मौजूद रहें।

नैनीताल नगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कुमाऊं विश्विद्यालय के अंतर्गत डीएसबी परिसर की विभिन्न समस्याओ को लेकर अपने विचार साझा किए जिसमें डीएसबी परिसर के आस.पास छात्रावास मे रह रहें छात्र.छात्राओं की समस्या को देखते हुए एम्बुलेंस की मांग मुख्य रही व आगामी छात्रसंघ चुनावों को लेकर चर्चा हुई वही भवाली नगर अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा की बेरोजगार संघ द्वारा जो भी समस्याएं अधिकारीयों के समक्ष रखी जा रही हैं उसपर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही हो रही हैं व अधिकारी गंभीर नजर आते हैं बैठक में बेरोजगार संघ व बॉबी पवार के संघर्षों पर भी चर्चा हुई जिसपर संयोजक कार्तिक उपाध्याय ने विचार व्यक्त किए इस दौरान नैनीताल विधानसभाध्यक्ष पवन रावत ने कहा की प्रदेश के युवाओं और जनता के हितों की लड़ाई लडने् में सभी को साथ मिलकर हर क्षेत्र से आगे आना होगा आगामी चुनावों में प्रदेश की दशा.दिशा तय करने में युवाओ की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली हैं।

उन्होंने सभी से अपील कीए की युवा अपने हक की लडाई के लिए आगे आए इस दौरान काशीपुर मे 19 वर्षीय युवा आयुष रावत पर मीम को लेकर हुए विवाद पर भी सभी ने अपने विचार रखे और कहा की इस लड़ाई मे सभी आयुष के साथ हैं उनपर लगायी गई धाराएं बेबुनियाद हैं। विसं अध्यक्ष पवन ने बताया की वर्ष 2020 मे उनके उपर भी ऐसे ही राजनैतिक दबाव मे फर्जी मुकदमें लगाए थें उन्होंने कहा की युवाओ की आवाज़ मायने रखती है। सभी को अपनी राय कहनेए जानकारी साझा करने और बेहतरी की मांग करने का अधिकार है सत्ता में बैठे लोगों से सहमत या असहमत होने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में अपनी राय व्यक्त करने का भी अधिकार है फिर भी सरकारें नियमित रूप से लोगों को बोलने के लिए जेल में डालती हैं . सरकारों का कर्तव्य है कि वे घृणास्पद तथा भडक़ाऊ भाषणों पर रोक लगाएं लेकिन कई सरकारें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपराध घोषित करने वाले कानून पारित करके शांतिपूर्ण असहमति को दबाने के लिए अपने अधिकार का दुरुपयोग करती हैं जबकि लगभग हर देश के संविधान में श्स्वतंत्र अभिव्यक्तिश् के मूल्य का उल्लेख है। उन्होंने कहा की छात्र हितों की लड़ाई पहले भी लड़ी और आगे भी लड़ते रहेंगे व प्रदेश के युवाओं और जनता के हितों की लड़ाई लडने् में हम कभी पीछे नहीं रहेंगें उनकी आवाज उठाते रहेंगे।

इस दौरान बैठक में बेरोजगार संघ के कुमाऊँ संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, कार्तिक उपाध्याय, नैनीताल विधान सभाध्यक्ष पवन रावत, नैनीताल नगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, भवाली नगर अध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष राहुल रावत, सचिव पियूष कुमार, नितेन्द्र सिंह बिष्ट, भवाली संरक्षक संजय बर्गलीए विशेष कार्यकारिणी सदस्य मनोज बोराए प्रदीप आर्याए तरुण कुमारए राहुल आर्या, राहुल जोशी,अभय कुमार, भास्कर, अक्षत तथा हितेश आदि कई युवा मौजूद रहें।

# शिक्षा मंत्रालय की रचनात्मक पहल पर 22 से 28 तक शिक्षा सप्ताह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की रचनात्मक पहल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के चार वर्षों की उपलब्धियों के साथ रचनात्मक प्रयासों के रूप में 22 से 28 जुलाई 2024 तक पूरे देश में शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत खेल दिवस पर कोटाबाग ब्लॉक के सुदूरवर्ती राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगड़ में बच्चों ने पारंपरिक खेलों का आनंद लेते हुए कुर्सी दौड़, घोड़ा जमालशाही तथा आकाश पाताल, नेता पहचानों समेत खेलों का आनंद लिया। इस अवसर पर ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों द्वारा भी प्रतिभाग कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बता दें कि शिक्षा सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य शिक्षा में रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरुक बनाना है। सीबीएससी के तहत पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में गठित स्कूल इन्नोवेशन काउंसिल के संयोजक डॉ. हिमांशु पांडे ने बताया कि एक सप्ताह तक हर दिन अलग अलग थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में प्रत्येक गतिविधि हेतु अलग अलग प्रभारी के रूप में डा. दिनेश जोशी, सुरेश ओझा, भुवन मठपाल, सरस्वती बृजवाल, गोपाल सिंह, राजेश पांडे, तारकेश्वर यादव तथा हेम जोशी आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह का पहला दिन टीव एलव एमव डे के रूप में मनाया गया।

इसके तहत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया गया। शिक्षा सप्ताह का दूसरा दिन एफ एलएन डे के रूप में मनाया गया। इसके तहत आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को मज़बूत बनाए जाने पर बच्चों के साथ गतिविधियां आयोजित की गईं। तीसरे दिन स्पोर्ट्स डे द्वारा बच्चों में शारीरिक कौशल एवं स्वस्थ मष्तिष्क हेतु खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए आयोजन हुए। हल्दूचौड़ में इस अवसर पर बच्चों ने बालीबाल मैच का आयोजन किया।

# शिक्षक के स्थानांतरण अन्य विकास खंड हो जाने के बाद भी कार्यमुक्त न किए जाने पर रोष

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के ओखलकांडा विकास खंड के अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक जिनका स्थानांतरण अन्य विकास खंड हेतु हुआ है उन्हें कार्यमुक्त नहीं किये जाने पर शिक्षकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि वर्षों कई सेवा के पश्चात इस वर्ष उनका स्थानांतरण मनवांछित विद्यालयों में हुआ है मगर उन्हें उप शिक्षाधिकारी द्वारा कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है जबकि अन्य विकास खंडों में सभी शिक्षकों को कार्यमुक्त किया जा चुका है। इसी क्रम में बुधवार को समस्त स्थानांतरित शिक्षकों द्वारा विरोध दर्ज किया गया और उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन की ब्लाक कार्यकारिणी को ज्ञापन सौंपा और कहा गया है कि यदि तीन दिन के भीतर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो समस्त शिक्षक प्राथमिक शिक्षक संगठन की सदस्यता से त्यागपत्र देंगे। आंदोलित शिक्षकों के मुताबिक मामले में खंड शिक्षाधिकारी सुलोहिता नेगी से वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि विकास खंड में विगत 2 वर्ष से शिक्षकों की भारी कमी है साथ ही कई विद्यालय शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं यदि इनको भी कार्यमुक्त कर दिया गया तो अधिकांश विद्यालय बंद होने की कगार पर चले जायेंगे। ज्ञापन देने वालों में समस्त स्थानांतरित शिक्षक तथा राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट तथा ब्लाक मंत्री गोपाल बिष्ट ,कोषाध्यक्ष हरीश नयाल आदि उपस्थित रहे।



# एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृहद पौधरोपण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल द्वारा बुधवार को नगर के टांकी बैंड के निकट वन क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृहद पौधरोपण किया गया। बता दें कि समिति द्वारा प्रति वर्ष हरेले पर्व के उपलक्ष्य में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पौधरोपण किया जाता है, आज के समय में जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है, पेड़ लगाने वाले साथ-साथ उनका ख्याल रखना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष शैलजा सक्सेना, सचिव सुनीता आर्य, प्रबंधक विजय लक्ष्मी थापा, अनीता सिंह, अंजू, हंसी, मोहिनी, पार्वती, शांति, सुमन, भावना, रेणु कोहली व भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, अध्यापिका मीनाक्षी बिष्ट तथा एनएसएस के छात्र-छात्राओं व वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पागंर,सुरई,बाज, बुरांश,पुतली तथा देवदार आदि के पौधों का रोपण किया गया।

# कुमाऊं आयुक्त ने दिए सीवर लाईनों को दुरस्त करने के निर्देश



**नैनीताल।** बीते कुछ समय में सीवर की समस्या से लगभग पूरे नगरवासी परेशान है तो वहीं सैलानियों को भी इस दुर्गंध से परेशान होना पड़ रहा है। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी जल संस्थान इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जबकि जिलाधिकारी वंदना सिंह सहित कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने विभाग को सीवर लाईनों को दुरस्त करने के निर्देश दिए हैं। बीते दो दिनों से नगर के तल्लीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में बीच सडक़ पर ओवरफ्लो होने से सीवर सडक़ में ही बहने लगा है जिससे यहां से गुजरने वाले लोगो सहित स्कूली बच्चो को काफ ी फजीहत उठानी पड़ रही है साथ ही इससे आस.पास के लोगो को बीमारी का निमंत्रण भी दे रहा है जबकि अभी कुछ समय पूर्व ही क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक लोगो में डायरिया की पुष्टि हुई थी उसके वावजूद खुले में बह रहे सीवर लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल सकता है।

# पालिका मंसूरी के निवर्तमान अध्यक्ष पर दायर याचिका मामले में जवाब पेश करने को कहा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नगर पालिका मंसूरी के निवर्तमान निर्दलीय अध्यक्ष पर पांच साल के लिए चुनाव लडने् की पाबंदी लगाई जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सरकार की ओर से जारी 2 जुलाई 2024 के संसोधन आदेश पर अगली तिथि तक रोक लगाते हुए राज्य सरकार सहित नगरपालिका से तीन हप्ते में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली तिथि 3 सितंबर की नियत की है।




मामले के अनुसार मंसूरी के निवर्तमान निर्दलीय अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उनके कार्यकाल के दौरान नगर पालिका ने उन्हें वित्तीय अनियमितता करने को लेकर 16 अगस्त 2023 को अपना पक्ष रखने के लिए एक कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जिसका उत्तर उन्होंने कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही दे दिया गया । 1 दिसम्बर 2023 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया ए और सरकार ने प्रशाशक नियुक्त कर दिए। राज्य सरकार ने 25 जून 2024 को एक अधिसूचना जारी कर नगरपालिका अधिनियम की धारा 48 में संसोधन करके उन्हें चुनाव लडने् से पाँच साल के लिए बाहर करने को लेकर उन्हें 48 ए का दिनांक 2 जुलाई 2024 नोटिस दे दिया गया साथ में यह भी कहा कि यह संसोधन तब से लागू होगा जब से उन्हें कारण बताओ नोटिस मिला है। याचिका में कहा गया कि उनपर यह संसोधन लागू नही होता क्योंकि उनका कार्यकाल 1 दिसम्बर 2023 को समाप्त हो गया था और कारण बताओ नोटिस अगस्त 2023 में दिया गया था जिसका उत्तर वे कार्यकाल समाप्त होने से पहले दे चुके है। वे किसी पार्टी से नहीं है। समाजिक छवि अच्छी होने के कारण निर्दलीय जीते भी। ये उनके खिलाफ राजनैतिक दुर्भावना है ताकि वे आगे चुनाव न लड़ सके। उनके द्वारा कोई वित्तीय अनियमितता नही की गई इसलिए 2 जुलाई 2024 के आदेश पर रोक लगाई जाए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत



# अभिमत

## गड़बड़ी साबित

*पेपर लीक का मामला सामने आने पर ग्रेस मार्क्स वाले 1563 छात्रों के लिए पुनः परीक्षा का आयोजन किया गया था, लेकिन 813 छात्र रीटेस्ट में शामिल हुए और एक भी छात्र शतप्रतिशत अंक अर्जित नहीं कर सका। 48 प्रतिशत छात्र दोबारा परीक्षा में शामिल नहीं हुए, उन छात्रों के ग्रेस अंक हटाकर नया अंकपत्र जारी किया जायेगा। पहली परीक्षा में 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स की बदौलत 720 में से 720 अंक मिले थे। टॉपर की लम्बी लिस्ट को लेकर गड़बड़ी होने का संदेह हुआ और छात्रों व अभिभावकों में आक्रोश उत्पन्न होने पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी भी विवाद के घेरे में आ गई।*

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट यूजी की दोबारा कराई गई परीक्षा में किसी भी छात्र को पूरे अंक प्राप्त नहीं हुए, इससे साबित हो गया कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी। राष्ट्रीय स्तर की नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। पेपर लीक का मामला सामने आने पर ग्रेस मार्क्स वाले 1563 छात्रों के लिए पुनः परीक्षा का आयोजन किया गया था, लेकिन 813 छात्र रीटेस्ट में शामिल हुए और एक भी छात्र शतप्रतिशत अंक अर्जित नहीं कर सका। 48 प्रतिशत छात्र दोबारा परीक्षा में शामिल नहीं हुए, उन छात्रों के ग्रेस अंक हटाकर नया अंकपत्र जारी किया जायेगा। पहली परीक्षा में 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स की बदौलत 720 में से 720 अंक मिले थे। टॉपर की लम्बी लिस्ट को लेकर गड़बड़ी होने का संदेह हुआ और छात्रों व अभिभावकों में आक्रोश उत्पन्न होने पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी भी विवाद के घेरे में आ गई। इसी बीच पेपर लीक के सुराग मिलने शुरू हो गये। राजनीतिक दलों ने परीक्षा एजेंसी पर सवाल उठाये। सरकार ने सीबीआई को जांच सौंप दी। विपक्ष पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहा है। सरकार ने हजारों छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सिर्फ ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों की पुनः परीक्षा कराई। सरकार का यह कदम छात्रों के हित में है। न्यायालय में मामला पहुंचने पर जज ने कुछ शब्दों में ही गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि पेपर लीक होने पर नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके डाक्टर बनने वालों से चिकित्सा व्यवस्था का क्या हाल होगा? पुनः परीक्षा में पूरे अंक नहीं लाने वाले छात्र चिह्नित हो गये हैं। योग्य छात्रों को डाक्टर बनने का मौका मिल जायेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी अपनी साख पर उठे सवाल का बचाव करने में सफल हो गई है। सीबीआई देश के कई राज्यों में पेपर लीक करने वालों की धरपकड़ कर रही है। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए प्रतिभाशाली छात्रों का चयन करने के लिए नीट तथा जेईई की परीक्षा आयोजित की जाती है। कुछ दशक पहले कोचिंग सेंटर महानगर तक सीमित थे। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग के अभिभावक कोचिंग सेंटर के माध्यम से औसत दर्जे के छात्रों को भी मेडिकल कालेज तथा इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश दिलाने में सफल हो जाते थे। मिडिल क्लास के मेधावी छात्र बिना कोचिंग के डाक्टर व इंजीनियर बनते थे। मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेज सीमित थे। पिछले दो दशक में मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। तहसील स्तर पर कोचिंग सेंटरों की भरमार हो गई है। कुछ कोचिंग सेंटरों की देशभर में दर्जनों शाखाएं हैं। कोचिंग सेंटरों से सांठगांठ करके नकल माफिया पेपर लीक कर रहे हैं। सरकारी विभागों में भर्ती की परीक्षा में भी पेपर लीक माफिया ने योग्य युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है।


# मात्र एक रिटर्निंग वॉल बनने से बच सकते हैं आशियाने: सिद्दीक़ी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड के प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने हल्द्वानी बनभूलपुरा बनाम रेलवे प्रकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय में हल्द्वानी रेलवे प्रकरण के संबंध में तीन जजों की बेंच ने सुनवाई करते हुए रेलवे को चार सप्ताह में एक सर्वे कर शपथ पत्र न्यायालय में दाखिल किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

जिसमें कितनी लंबाई वा चौड़ाई रेलवे को अपने विस्तार के लिए चाहिए साथ ही इसमें स्पष्ट सभी रेवेन्यू से संबंधित खेत वा खसरा नंबर लिखे गए हो, और इस में प्रभावित जनता को किस तरह से और कहा पुनर्वास किया जायेगा का भी पूर्ण विवरण उपलब्ध कराए, 11 सितंबर 2024 को सुनवाई की अगली तिथि नियत करते हुए सभी संबंधितों को माननीय न्यायल में उपस्थित रहने के आदेश



दिए गए हे, अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी की याचिका पर सुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजलविस, प्रशांत भूषण, अक्षत कुमार, कवलप्रीत कौर, रिया यादव, उमेश कुमार आदि व अन्य याचिकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट सिधार्थ लूथरा, सलमान ख़ुर्शीद सरदार संप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे, याचिकाकर्ता मतीन सिद्दीक़ी जी का कहना है कि यदि रेलवे गौला नदी की ओर से बनने वाली रिटाइनर वाल को सही से बनवा



दें तो फिर कहीं भी रेलवे को भूमि की जरूरत नहीं है। सिद्दीक़ी ने कहा कि रेलवे व प्रदेश सरकार को भी माननीय उच्चतम न्यायालय की भांति मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए ग़रीब जनता के हित में निर्णय लेने चाहिये मात्र एक रिटर्निंग वाल बनने से ही सारी समस्या का हल निकल सकता है। जिसके बनने के बाद ना तो रेलवे स्टेशन को कोई ख़तरा होगा। और ना ही किसी के आशियाने को उजाड़ने की ज़रूरत पड़ेगी।

# जन संवाद दिवस में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लॉक सभागार में बुधवार को जन संवाद दिवस में आए ग्रामीणों की समस्याओं को ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने गंभीरता से सुना और मौजूद विभागीय अधिकारियों को तत्काल सभी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

जन संवाद दिवस में जंतवाल गांव के लोगों ने बिजली के पोल झूलने की समस्या को प्राथमिकता से रखा जिस पर ब्लाक प्रमुख डा. बिष्ट ने तत्काल विद्युत विभागीय अधिकारियों को 3 दिन पोल शिफ्ट करने व भल्यूटी में ट्रांसफार्मर को लो वोल्टेज की समस्या को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को पौलीहाउस को ठीक करने को कहा। अल्योना के ग्रामीणों ने दीवार व आवास क्षतिग्रस्त होने की बात कही। इस दौरान कोविड-19 के दौरान किए गए कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को सम्मान पत्र दिया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत युवक का हाथ कटा

**रुद्रपुर।** सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत एक युवक का हाथ कटने का मामला प्रकाश में आया है। घायल श्रमिक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि यूपी के जिला बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र निवासी एक युवक सिडकुल की कंपनी में कार्यरत हैं और बुधवार शाम को वह रोजाना की तरह कंपनी में पहुंचा। बताया जाता है कि उस युवक का काम करने के दौरान हाथ कट गया।

युवक का हाथ कटने के दौरान कंपनी में हड़कंप मच गया। उसे आनन-फानन में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पीड़ित की ओर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इधर चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मामले में जांच कराई जाएगी।

# कैरम व शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जीवन बीमा निगम की उत्तर मध्य क्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन शहर के प्रमुख हेरिटेज होटल रॉयल नैनीताल में प्रारम्भ हुआ जिसमें विभिन्न मंडलों के 50 से अधिक विजेता भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एस. पी. गौतम प्रादेशिक प्रबंधक मानव संसाधन विकास ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हल्द्वानी मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एस. के. वर्मा प्रबंधक;कार्मिक एवं औव संवद्ध द्वारा मुख्य अतिथि तथा खिलाडियों एवं आयोजन में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों दिनेश शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर शतरंत जहीर अहमद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी,कैरम बृजेश अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी;शतरंज, हरीश तिवारी, अभिषेक पांडे तथा संजीव सिंह का स्वागत व अभिनंदन किया तथा आयोजन समिति के सचिव बी. एस. ह्यांकी तथा शाखा प्रबंधक नैनीताल निखिल चौहान एवं समिति के सभी सदस्यों का कार्यक्रम को सफ ल



बनाने में किए जा रहे कार्य के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन पंकज त्रिपाठी ने किया।

समिति में केवल भट्ट, अशोक कश्यप, राजेश, करन मेहरा, रवि कांत राजू, हेम कांडपाल, हरीश नयाल, मुकुल सनवाल, मीना एवं पूनम व सरोज सम्मिलित रहे, प्रतियोगिता का फ इनल गुरुवार (आज) सायं 3 बजे होगा जिसमें हल्द्वानी मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक डी. के. जोशी मुख्य अतिथि रहेंगे। शतरंज में पुरुष वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाडी दिनेश के शर्मा, बृजेश अग्रवाल, गजेंद्र सिंह, विजयन्त कुमार, अविनाश चंद्र श्रीवास्तव, मृत्युंजय चौधरी व शतरंज में महिला वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाडी तनुजा कौशल, पूनम दुबे, रेखा गौड़, किरन गुप्ता, मुकेश कुमारी, प्रीती कुमारी, कैरम में पुरुष वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाले खिलाड़ी, सागीर अहमद, नीरज सक्सेना, राज किशोर नाथ, राकेश अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, गौरव रस्तोगी, नव रतन कुमार सरना , ज़हीर अहमद और कैरम में महिला वर्ग के अगले चक्र में पहुंचने वाली खिलाड़ी रेनुका रॉय, ममता सोरंग, शिवांगी कन्नौजिया, पुनीता अग्रवाल , भावना गुप्ता आदि रहे।

# फिल्मी दुनिया

# अगस्त में होगा प्रभास की नई फिल्म का एलान




*अभिनेता प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा रही है। प्रभास समेत फिल्म के तमाम कलाकार इसके प्रदर्शन से गदगद है। इसी बीच, अब प्रभास की नई फिल्म को लेकर जानकारी आना शुरू हो गई है। उनकी नई फिल्म की शूटिंग अगले महीने शुरू हो जाएगी। प्रभास जल्द ही हनु राघवपुडी के निर्देशन में बन रही फिल्म में अभिनय करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म पर ताजा अपडेट आ चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का एलान 22 अगस्त, 2024 को किया जाएगा। इतना ही नहीं फिल्म की शूटिंग भी उसी दिन शुरू हो जाएगी। हनु राघवपुडी की यह फिल्म रोमांटिक ड्रामा होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग के लिए सेट बनाने का काम जारी है। सलार और कल्कि 2898 एडी में एक्शन के बाद अब प्रभास के प्रशंसक उनका रोमांटिक अंदाज देखने के लिए उतावले हो रखे हैं। प्रभास द्वारा फिल्म की शूटिंग के लिए तारीख तय किए जाने की भी चर्चा है। हाल ही में, खबर आई थी कि पाकिस्तानी अभिनेत्री सजल अली भी प्रभास की इस फिल्म में अभिनय करती नजर आएंगी। वो इससे पहले मॉम में भी काम कर चुकी हैं। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक एलान होना बाकी है। प्रभास की बात करें तो वो कल्कि 2898 एडी के बाद से ब्रेक पर चल रहे हैं। वो अपनी नई फिल्म द राजा साब से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं।*

## हॉरर कॉमेडी फिल्म है

*यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन मारुति द्वारा किया जा रहा है। प्रभास अगले महीने से इसकी शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगे।*

*प्रभास द राजा साब और हनु राघवपुडी की फिल्म के अलावा एनिमल और कबीर सिंह के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट में काम करते दिखाई देंगे। फिलहाल इसका काम अटका हुआ है; जिसके चलते प्रभास अपनी बाकी दोनों फिल्मों को निपटाने की कोशिश में हैं।*

# मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना का तीन माह का नमक पहुंचा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के राजकीय खाद्यान्न भंडार महरागांव में मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना के तहत तीन माह का नमक आ चुका है। योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड धारकों को यह नमक मिलेगा,जिसका वितरण भी उचित दर विक्रेताओं को किया जा रहा है। मामले में पूर्ति निरीक्षक/ केन्द्र प्रभारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम बनाया गया था इसका यही उद्देश्य था कि जरूरतमंद लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयन कर वहनीय मूल्यों में गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाय। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड धारक अपने उचित दर विक्रेता की दुकान से माह अगस्त में 3 किलोग्राम आयोडीन युक्त नमक



भी 8 रुपया प्रति किलो के अनुसार प्राप्त कर लें। इसके अतिरिक्त इन राशन कार्ड धारकों को एक राशनकार्ड पर 1 किलो रागी भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है । उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी राशन कार्ड में 5 यूनिट हैं तो उन्हें माह में 9.50 किलो गेहूं के स्थान पर 8.50 गेहूं तथा 1 किलो रागी और 15.50 किलो फोर्टीफाइड चावल नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा । बिष्ट के मुताबिक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जनपद को प्राप्त लक्ष्य पूर्ण हो चुका है। इस स्थिति में यदि कोई व्यक्ति अपना नया राशन कार्ड बनाना चाहता है तो उनका राशनकार्ड राज्य खाद्य योजना में बनाया जा रहा है ।

## News कॉर्नर

### घर में घुसे चोरों ने सोने के जेवर और नगदी चुराई

**हल्द्वानी।** घर में घुसे चोरों ने सोने के आभूषण और नगदी चुरा ली। घर से चोरों को निकलते देख पड़ोसी ने एक चोर को रंगे हाथ धर दबोचा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता ने चोरो के खिलाफ कर्रवाई की मांग की है। गांधी आश्रम रामड़ी छोटी हल्द्वानी निवासी कंचन बिष्ट पत्नी चंदन बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह उसके पति काम करते हैं और रामड़ी छोटी में किराए पर रहते हैं। जब दोनों काम पर गए थे तो उनके घर में दो चोर घुस गए और उन्होंने दो अलमारियों को तोड़कर एक मंगलसूत्र, एक जोडे कान के टॉप्स और दस हजार की नगदी चोरी करके भाग रहे थे, तभी हमारे किसी पड़ोसी द्वारा चोरों को घर से निकलते हुए देखा और उनमें से एक चोर को पकड़ लिया।

### रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहन बिष्ट को दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल।** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहन बिष्ट को दी श्रद्धांजलि भवाली रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहन बिष्ट रामलीला कमेटी रामलीला मंच पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर लोगों ने उनके व्यक्तित्व भवाली रामलीला कमेटी के लंबे समय तक सफल संचालन के लिए और उनके द्वारा किए कार्यों को विस्तार से बताया उन्होंने रामलीला में किए गए नए-नए प्रयोग बदलावों को बहुत में बहुत सराहा उन्होंने कहा वह व्यक्ति थे जो हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहते थे और एक उनका साहस ब ढाते थे। इस अवसर पर हरिशंकर कृपाल संजय जोशी, भाजपा नेता हेम आर्य, पूर्व जिला नगर पालिका अध्यक्ष दयाल आर्य, खष्टि बिष्ट, राजा शाह, कुंदन सिंह, पंकज, अदिति प्रकाश आर्य, सद्दाम मियां, भगवती, रंभा चौधरी, मनीष चौधरी, कंचन शाह, तनुजा बगड़ावल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित है।

# उत्तराखंड और यूपी पुलिस करेगी कांवड़ियों की सुरक्षा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**गोष्ठी**

- काशीपुर में हुई कांवड़ यात्रा को लेकर अंतराज्यीय समन्वय गोष्ठी
- कुमाऊं, मुरादाबाद मंडल के पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए

श्रावण माह में होने वाली कावड़ यात्रा को देखते हुए बुधवार को काशीपुर में कुमाऊं और मुरादाबाद मंडल के पुलिस अधिकारियों की अंतराज्यीय बॉर्डर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें कांवड़ियों की सुरक्षा पर सहमति बनी। गोष्ठी में कुमाऊं मंडल के डीआईजी डॉ योगेंद्र सिंह रावत और मुरादाबाद मंडल के डीआईजी मुनिराज, एसएसपी ऊधमसिंहनगर डॉ मंजूनाथ टीसी समेत जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया । इस दौरान दोनों मंडलों के अधिकारियों ने कावड़ यात्रा के मद्देनजर एक दूसरे के साथ आपसी तालमेल और कावड़ यात्रा से जुड़ी जानकारी साझा की। डीआईजी कुमाऊँ





रेंज ने बताया कि ऊधम सिंह नगर जिला कांवड़ यात्रा के लिहाज से काफी संवेदनशील रहा है। इसलिए कावड़ यात्रा को पूरी तरह से गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड के कुमाऊं के साथ-साथ यूपी मुरादाबाद के अधिकारियों के साथ दोनों ही राज्यों के अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस कर्मियों के मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान भी किया गया। व्हाट्सएप ग्रुप माध्यम से कावड़ यात्रा पर सकुशल संपन्न कराने का फैसला लिया गया। इस दौरान दोनों ही राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने एक दूसरे से की जाने वाली अपेक्षाओं का आदान प्रदान किया। इसमें जिलाधिकारी रामपुर जोगेंद्र सिंह ,एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्रा,एसपी बिजनौर अभिषेक कुमार,एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी क्राइम /ट्रैफिक ऊधमसिंहनगर नगर चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल, एसपी काशीपुर अभय कुमार, एएसपी रुद्रपुर निहारिका तोमर , सीओ बिलासपुर रवि खोखर , सीओ काशीपुर अनुषा बडोला, सीओ बाजपुर अन्नराम आर्या, सीओ संचार आरडी मठपाल , सीएफओ ईशान कटारिया समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने जान लेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार किए, भेजा जेल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने मारपीट कर जान लेवा हमले के आरोपियों को गिरफतार कर लिया और कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक आदेश कुमार पुत्र सुरजपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सहकर्मी अजय सिंह, विजय कुमार, विशाल सिंह ग्राम करतारपुर स्थित इसकैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी माइनींग चेक पोस्ट पर ड्यूटी करते हैं। 21 जुलाई 24 की रात करीब 11 बजे की बात है चैक पोस्ट पर बाइक से तीन लड़के आए और बोले हमें बिना रॉयल्टी के गाड़ी निकालनी है। इस पर उसने तीनों लड़कों से कहा कि बिना रॉयल्टी दिखाए गाड़ी नहीं निकलेगी। आरोप है कि तीनों लड़के हम लोगों से



गाली गलौच करने लगे और बिना रॉयल्टी के गाड़ी निकालेंगे। विरोध करने जान से मारने की थमकी दी। घटना का वीडियो भी है।

बताया कि 30 मिनट बाद दोबारा बाइक से आए। उनमें से एक का नाम आदित्य पुत्र घनश्याम निवासी भदइपुरा रूद्रपुर है तथा दूसरे का नाम परगट सिंह है। धमकी दी कि यदि तुम लोग हमारे काम में रूकावट बने तो हम तुम्हें जान से मार देंगे। बाद में जान से मारने की नियत से साथी विशाल सिंह के सिर पर ईंट से प्रहार किया। विशाल के गंभीर चोट आई। बाद में दोनों बाईक से फरार हो गए । विशाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाल एम एस दसौनी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेज दिया।

# सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू लोगों ने जताया चुघ का आभार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू होने पर कालोनी के लोगों ने वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ का आभार जताया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि वह जनहित के मुद्दों को लेकर सदैव कार्य करते रहे हैं और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को लेकर समाज के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार है और सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है ऐसे में नगर के विकास के लिए कोई भी कोताही बरती नहीं जाएगी। बता दें कि एनएच 74 रुद्रपुर किच्छा के मध्य बगवाड़ा स्थित गल्ला मंडी के सामने बगवाड़ा दक्ष चौक,गंगापुर रोड तीन पानी होते हुए सिडकुल तक लगभग 3 किलोमीटर मार्ग अत्यधिक संकरा है। जिसे मिनी बाईपास कहा जाता है इस मार्ग में तीन पानी डाम से



बगवाडा नहर भी है। इस रोड पर कई शैक्षिक संस्थान और कालोनियां विकसित हैं ,लेकिन सड़क संकरी होने के कारण दुर्घटनाओं का डर बना रहता था। वहां के लोग लगातार सड़क चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में कालोनी लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कार्यदाई संस्था को कार्य करने के आदेश दे दिए। इसको लेकर लोगों में खुशी के लहर दौड़ गई और उन्होंने भाजपा नेता चुघ का आभार जताया।

# एमईएनयू कैंप के तीसरे दिन सीखी साहसिक गतिविधियां

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट (एमईएनयू) कैंप के तीसरे दिन यानी बुधवार को एनसीसी कैडेट्स ने कई रोमांचक साहसिक व रोमांचकारी साहसिक गतिविधियों में शामिल हुए। इस दौरान नैनीताल पर्वतारोहण क्लब द्वारा एनसीसी कैडेटों के लिए प्रशिक्षण में कृत्रिम दीवार पर चढ़ने व उतरने के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किये गये। कमांडिंग आफि सर कैप्टन चंद्र विजय नेगी ने बताया कि कैडेटों ने अपने दृढ संकल्प और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए कृत्रिम दीवार पर चढ़ने के चुनौतीपूर्ण कार्य किया तथा जिप लाइनिंग के रोमांच ने कैडेट्स में उत्साह भर दिया। नैनीताल पर्वतारोहण क्लब के प्रशिक्षकों ने कैडेटों के अनुभव समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सहायक अध्यापक एलटी शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया समाप्त

**नैनीताल।** माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं मंडल के तहत सहायक अध्यापक एलटी शिक्षकों की स्थानान्तरण प्रक्रिया में पद स्थापना को लेकर नैनीताल में चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गयी। बता दें कि पांच दिनों तक चली काउंसलिंग प्रक्रिया में 444 गुरुजनों को स्कूलों का आवंटन किया गया। अपर निदेशक लीलाधर व्यास के मुताबिक पहले दिन 63, दूसरे दिन106, तीसरे दिन 158,चौथे दिन 99 जबकि पांचवें व अंतिम दिन 18 गुरुजनों को स्कूलों का आवंटन किया गया।

# पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत दो वारंटी गिरफ्तार किए

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में पुलिस का वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत थाना रुद्रपुर पुलिस ने आपरेशन प्रहार के तहत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी के नेतृत्व में चलाए गए वारंटी एफआईआर नंबर 71/2018 धारा 385/411/413/420बी /34 आईपीसी




बनाम वसीम उर्फ कीटाणु पुत्र इब्ने हसन निवासी भदईपुरा थाना रुद्रपुर, एफआईआर नंबर 67/2019धारा 381/511 महेश गंगवार पुत्र श्यामा चरण निवासी भदईपुरा रुद्रपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। टीम में एसआई चंदन सिंह, ध्यान सिंह, पूरन राम,गणेश धानिक आदि शामिल रहे।

# स्ट्रीट लाइटों के निरीक्षण को निकाय कर्मचारियों को सौंपे दायित्वः मंडलायुक्त

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कुमाऊं भर के जिलाधिकारी नगर निकायों की स्ट्रीट लाइटों के निरीक्षण के लिए निकाय कर्मचारियों को दायित्व सौंपे। यह निर्देश कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने दिये हैं।

नगर निकायों में स्ट्रीट लाईटें खराब होने की शिकायत लगातार मिल रही हैं। कुमाऊं कमिश्नर ने कहा कि नगर निकाय के कार्मिक उन्हीं स्ट्रीट लाईटों को ठीक करते हैं जिनकी शिकायतें मिल रही हैं जबकि निकाय क्षेत्र में तमाम खराब पड़ी लाइटों की कोई सुध नहीं लेता और न ही इनकी शिकायत प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय प्रशासन का यह दायित्व है कि वह अपने निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत जितनी भी स्ट्रीट लाईटें हैं प्रत्येक स्ट्रीट लाईट का नियमित चेंकिंग कर खराब स्ट्रीट लाईटों को समय से ठीक करना सुनिश्चित करें। कुमाऊं कमिश्नर ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपदों में अपने स्तर से प्रत्येक नगर निकाय को आदेशित कर नगर निकायों में लगाई गई स्ट्रीट लाईटों के निरीक्षण हेतु नगर निकाय कार्मिकों को दायित्व सौंपें और प्रतिदिन प्रत्येक स्ट्रीट लाईट का निरीक्षण कर खराब स्ट्रीट लाईट को ठीक करना सुनिश्चित करें। साथ ही स्ट्रीट लाइटों की नियमित चेकिंग के समीक्षा भी करें।

# एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन बुधवार को 22वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने कहा कि निगम के 13 जनपदों से आए कर्मचारियों ने आज भी अपनी नियमितीकरण को लेकर आंदोलन जारी रखा। उन्होंने कहा कि कल से आंदोलन स्थल एकता बिहार में बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निगम के प्रबंध निदेशक से हुई वार्ता के क्रम में यह कहा गया कि नियमितीकरण का



प्रकरण शासन स्तर का है।

इस कारण धरना स्थल शासन द्वारा चयनित किए गए धरना स्थल पर ही किया जाए। उन्होंने कहा कि अब एकता बिहार में ही शासन द्वारा नियमितीकरण की नियमावली जारी होने तक आंदोलन स्थल बनाया जाएगा। आज के धरना कार्यक्रम में जोगिंदर लाल, अनिल जोशियाल, जयपाल बिष्ट, श्यामलाल सेंजवाल, संजय भट्ट, कंचन चंदोला, रमेश कपक टी, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, वेद प्रकाश, पदम सिंह, त्रिभुवन पुनेठा, महेश लाल, नरेंद्र थापा, महेंद्र चंद्र, योगेश धामी तथा बलवंत सिंह सहित निगम के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए।